हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 24 अगस्त 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी □र 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अ□ने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की 113वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और मोबाइल ऐ□ News on AIR □र भी उ□लब्ध रहेगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवम प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों □र भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी □र हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद यह कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारित किया जाएगा।

....

हरियाणा में खरीफ ख़रीद सीजन 2024-25 के तहत क□ास की खरीद □हली अक्टूबर से आरंभ होगी।कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ राजा शेखर वुंडरू ने बताया कि क□ास की खरीद केंद्र सरकार के नियमानुसार भारतीय क□ास निगम के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य □र की जाएगी।डॉ राजा शेखर वुंडरू ने ख़रीद प्रबंधों की समीक्षा के बाद बताया कि भारतीय क□ास निगम को क□ास खरीद प्रक्रिया में हरसंभव सहयोग देने के निर्देश दिये गये हैं।कउन्होंने कहा कि भारतीय क□ास निगम और हरियाणा सरकार द्वारा खरीद के लिए सभी प्रकार की तैयारियां कर ली गई हैं ।उन्होंने बताया कि ख़रीद के लिए 20 मंडियाँ बनाई गई हैं। हरियाणा में क□ास की 2 क़िस्मों मीडियम लॉन्ग स्टे□ल 26.5- 27.0 तथा लॉन्ग स्टे□ल 27.5- 28.5 की खरीद की जाएगी श्री वुंडरू ने बताया कि बैठक में हरियाणा सरकार द्वारा सभी फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य □र करने के निर्णय के अनुसार अन्य फसलों की खरीद के लिए भी एजेंसियां नामित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सोयाबीन, मक्का और ज्वार कीशत- प्रतिशत खरीद हैफेड द्वारा की जाएगी।इसके अलावा, अन्य फसलों की खरीद हैफेड और अन्य खरीद एजेंसियों के माध्यम से 60:40 केअनु□ात में की जाएगी

....

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने खाद्य उत्पाद से जुड़े संचालकों और ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर खाद्य उत्पाद से जुड़े संचालकों से दूध और दूध से बने उत्पादों की सभी पैकेजिंग से ए-वन और ए-टू के बारे में सभी दावे तत्काल हटाने का आदेश दिया है।प्राधिकरण के संज्ञान में आया है कि खाद्य उत्पाद से जुडें संचालक ए-वन और ए-टू के वर्गीकरण के अंतर्गत दूध और घी, मक्खन और दही जैसे दूध से बनने वाले उत्पादों की बिक्री कर रहे हैं। प्राधिकरण ने कहा है कि दूध में ए-वन और ए-टू का वर्गीकरण आवश्यक रूप से प्रोटीन के संबंध में होना चाहिए। इसलिए दूध वसा उत्पादों के संबंध में ए-टू का दावा भ्रामक है और ये प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के पंचकूला कृषि विज्ञान केंद्र और हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन के आपसी सहयोग से फल, सब्जी व मोटे अनाज के प्रसंस्करण व प्रशिक्षण विषय पर बरवाला खंड के गांव रत्तेवाली में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में 35 महिलाओं ने भाग लिया। शिविर में फल व सब्जी की कटाई उपरांत होने वाले नुकसान को कम करने और मूल्य संवर्धन करके अच्छा लाभ कमाने के सभी पहलुओं के बारे विस्तार से बताया गया।गृह विज्ञान की प्रोफेसर डा. अंजू मनोचा ने महिलाओं को मोटे अनाज की जरूरत व महत्व के बारे बताया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के उत्पाद जैसे बाजरे के लड्डू, बाजरे का चिल्ला और चौलाई के उत्पाद बनाकर दिखाए।

जार्डन में चल रही अंडर-17 विश्व चैम्पियनशिप में हरियाणा के जींद की बेटी पहलवान पुलकित कंदोला ने स्वर्ण पदक हासिल किया है।पुलकित ने रूस की पहलवान को कुश्ती के 65 किलोग्राम फ्री स्टाइल मुक़ाबले में 6-3 से हराकर यह पदक अपने नाम किया ।जींद के उचाना हल्के के बुडायन गावं की इस खिलाडी ने 2 साल पहले किर्गिस्तान में एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था।

भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी तीनों प्रारूपों से सन्यास लेने की घोषणा की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो संदेश में धवन ने कहा कि वे क्रिकेट की अनगिनत यादें अपने साथ ले जा रहे हैं। उन्होंने प्रशंसकों के प्यार और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

काबिले गौर है कि शिखर धवन ने भारत के लिए अ□ना अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के साथ खेला था। धवन ने 2010 से 2022 तक 34 टेस्ट, 167 एक दिवसीय और 68 ट्वेंटी-ट्वेंटी क्रिकेट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। धवन ने बताया कि वे घरेलू क्रिकेट से भी सन्यास ले रहे हैं।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवम मानक प्राधिकरण ने राज्यों से कीटनाशकों के उ□योग को कम करने और किसान स्तर □र कीटनाशकों की निगरानी और विनियमन के लिए अंतर-मंत्रालयी समिति स्थापि□त करने का आग्रह किया है। केंद्रीय सलाहकार समिति की 44वीं बैठक को संबोधित करते हुए प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी. कमला वर्धन राव ने कहा कि इस □हल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृषि □द्धतियां सुरक्षित और टिकाऊ रहें। उन्होंने कहा कि यह उ□भोक्ताओं को भोजन में कीटनाशक अवशेषों से जुड़े संभावित स्वास्थ्य जोखिमों से भी बचाएगा। श्री राव ने कहा कि राज्यों में ऐसे प्रमुख स्थानों की □हचान करनी चाहिए जहां मोबाइल लैब- फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स तैनात किए जा सके। उन्होंने कहा कि ये मोबाइल प्रयोगशालाएं उ□भोक्ता जागरूकता बढ़ाने और खाद्य सुरक्षा प्रथाओं के बारे में महत्व□ूर्ण जानकारी के प्रसार में सहायक होंगी।